जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर
डेयरी प्लांट करौंदा, इमलिया, कटनी रोड, जबलपुर
कस्टमर केयर नं.– 9406900500, E,mail- www.jdssanchi@gmail.com.

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

दुग्ध संघ द्वारा अधोदर्शित विवरण अनुसार श्वेत मक्खन विक्रय हेतु भारत के सभी स्टेट डेयरी फेडरेशन, सहकारी दुग्ध संघों एवं निजी व्यवसायियों से भाव ऑफर ई–टेण्डर के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं।

श्वेत मक्खन 82 घृतांश प्रोरेटा आधार पर (20 किलोग्राम के पैक में) ***मात्रा– 100 मे.टन***

प्रस्तुत ऑफर के साथ रू. 100000/– (एक लाख रूपये मात्र) की ई.एम.डी. का बैंक ड्राफ्ट मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर के नाम से देय हो तथा भौतिक रूप से निविदा दिनांक 6/10/2018 को जमा होना आवश्यक है। निविदा दिनांक 6/10/2018 को जबलपुर मुख्यालय पर अपरान्ह 3:00 बजे खोली जावेगी। बिना ई.एम.डी. के ऑफर/निविदा मान्य नहीं होगी। निविदा प्रपत्र http: www.mpeproc.gov.in से रू. 500/– का ऑन लाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। किसी भी प्राप्त भाव/ऑफर को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा। अन्य नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिये एमपीसीडीएफ की वेब साइट www.mpcdf.gov.in पर उपलब्ध है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

"Export enquiries for Sanchi Ghee from exporters are invited. Please contact 9425077856/9425912916 or foreigntrademtc@gmail.com/sanchimsids @gmail.com for all terms and conditions."

श्वेत मक्खन क्रय करने हेतु ऑफर प्रस्तुत करने संबंधी मुख्य नियम शर्ते

1. ऑफर प्रस्तुतकर्त्ता के पास FSSAI लायसेंस एवं अपने कार्यक्षेत्र के राज्य का विक्रय कर रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। ऑफर के साथ दोनों दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत की जावे।

2. ऑफर प्रस्तुतकर्त्ता द्वारा अपने ऑफर में एक्स जबलपुर डेरी संयंत्र आधार पर भाव प्रस्तुत किये जावे अर्थात् भाव में सभी टेक्स एवं परिवहन व्यय पृथक माना जावेगा।

3. वर्तमान में जबलपुर दुग्ध संघ के श्वेत मक्खन की विक्रय योग्य मात्रा निम्न विवरण अनुसार शीतगृह में भंडारित हैः

क्र.	*शीतगृह/शहर*	*लगभग मात्रा (मी. टन)*
1.	जबलपुर दुग्ध संघ संयंत्र	100

4. निविदाकार द्वारा निविदा प्रस्तुत करने के पूर्व विक्रय योग्य उपलब्ध मात्रा की गुणवत्ता का परीक्षण किया जा सकता है। श्वेत मक्खन एक मुश्त क्रय हेतु प्राप्त निविदाकार को प्राथमिकता दी जावेगी।

5. ऑफर प्रस्तुतकर्त्ता द्वारा स्पष्ट अंकित किया जावे कि माल के विरूद्ध सी फार्म अथवा एफ फार्म या अन्य कोई दस्तावेज कौन सा प्रस्तुत किया जावेगा।

6. ऑफर में पार्टी द्वारा क्रय की जाने वाली मात्रा (मी. टन में) एवं भाव (रू. प्रति किलो) को अंकों एवं शब्दों में स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

7. ऑफर के साथ निर्धारित ई.एम.डी. राशि रूपये एक लाख का डिमांड ड्राफ्ट जो कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना ई.एम.डी. प्राप्त ऑफर मान्य नहीं होगा। निर्धारित दिनांक के पूर्व उक्त डी.डी. संघ कार्यालय में प्रेषित किया जाना आवश्यक होगा।

8. ऑफर स्वीकृत होने की दशा में 05 दिवस में ऑफर में दी गयी मात्रा की संपूर्ण राशि अग्रिम जमा करना होगी एवं 15 दिवस में पूर्ण मात्रा उठाने की व्यवस्था एवं व्यय करना होगा अन्यथा ई.एम.डी. की राशि राजसात कर ली जावेगी।

9. माल निर्धारित गोडाउन से लोडिंग एवं परिवहन आदि की व्यवस्था पार्टी को स्वयं करना होगी।

10. ऑफर स्वीकृति पश्चात् यदि ऑफरकर्त्ता द्वारा किसी कारण से मक्खन निर्धारित प्रक्रिया अनुसार नहीं उठाया जाता है तो ऑफर के साथ प्रस्तुत ई.एम.डी. राशि संघ द्वारा राजसात की जावेगी।

11. किसी भी विवादित प्रकरण में अध्यक्ष, जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जबलपुर का निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा एवं सभी विवादों की स्थिति में न्याय क्षेत्र सहकारी न्यायालय, जबलपुर होगा।

घोषणा पत्र

उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 01 से 11 तक की शर्ते पढ़ एवं समझ ली गयीं है, उसे मान्य करते हुए मैं अपना मक्खन के भाव ऑफर प्रस्तुत कर रहा हूँ।

स्थान : **हस्ताक्षर**
दिनांकः

नाम एवं फर्म रबर स्टाम्प

निविदा प्रपत्र

1.	फर्म का नाम –	
2.	फर्म का पूर्ण पता–	
3.	फोन नं./मोबाइल नंबर	
4.	ई–मेल आई.डी.	
5.	फर्म का पंजीयन क्रमांक	
6.	FSSAI लायसेंस नंबर	
7.	जी.एस.टी. नंबर	
8.	ई.एम.डी. हेतु प्रस्तुत डी.डी. नंबर	

भाव पत्र

मात्रा (मे. टन)		
दर (रू./–प्रति किलोग्राम *82 घृतांश प्रोरेटा आधार पर*	**अंकों में**	**शब्दों में**

मैं उपरोक्तानुसार संपूर्ण श्वेत मक्खन क्रय करने का वचन देता हूँ।

हस्ताक्षर
निविदाकर्त्ता